## सार-समाचार

### 'स्वास्थ्य केन्द्र पर पुख्ता प्रबंध रहे'

**बालोतरा**, (निसं)। जिले में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं की धरातलीय जांच के लिए उपखंड अधिकारी राजेश कुमार ने गुरुवार को कनाना एवं पारलु स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और आंगनबाड़ी केंद्र के औचक निरीक्षण को पहुंचे। इस दौरान उपखंड अधिकारी राजेश कुमार ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कनाना एवं पारलु में उपस्थिति रजिस्टर, ओपीडी, महिला एवं पुरूष वार्ड, भंडार कक्ष, प्रयोगशाला एवं टीकाकरण कक्ष सहित पूरे परिसर का अवलोकन किया। साथ ही ओपीडी में उपस्थित रोगियों से व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त की। उपखंड अधिकारी द्वारा साफ-सफाई व्यवस्था निरन्तर बनाए रखने निर्देश प्रदान किए। उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी लेते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार करने एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों को समय पर केंद्र में उपस्थित रहकर मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए कहा। उन्होंने लोगों की सुविधा के लिए स्वास्थ्य केन्द्र में आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने हीट वेव को देखते हुए स्वास्थ्य केन्द्र पर पुख्ता प्रबंध के निर्देश दिए। साथ ही स्वास्थ्य केन्द्र पर ०2 बैड आरक्षित रखने के साथ कुलर एवं आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उपखंड अधिकारी ने कनाना एवं पारलु में आंगनवाडी केंद्रों का निरीक्षण कर आंगनवाडी कार्यकर्ताओं एवं सहायिका को नियमित पोषाहार वितरण करने एवं पोषाहार को सुरक्षित स्थान पर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनवाडी में बच्चो को संख्या में वृद्धि करने एवं समय समय पर उनके परिजनों को टीकाकरण अभियान की जानकारी से अवगत करवाने के निर्देश दिए।

### जनता क्लिनिक का निरीक्षण किया

**बालोतरा**, (निसं)। गुरूवार को सवेरे जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव मुख्यालय पर स्थित सांसी कॉलोनी के जनता क्लिनिक का निरीक्षण को पहुंचे और चिकित्सा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण दौरान जिला कलक्टर सुशील कुमार यादव ने ओ.पी.डी. रजिस्टर, निःशुल्क दवा वितरण केन्द्र, बी.पी. मशीन, शुगर मशीन, प्लस ऑक्सीमीटर के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होने चिकित्सालय में मरीजों के उपचार की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निःशुल्क दवा भण्डारण कक्ष का निरीक्षण कर दवाईयों का रजिस्टर से भौतिक सत्यापन किया तथा निःशुल्क दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला कलैक्टर ने चिकित्सालय परिसर में नियमित साफ सफाई एवं अनुपयोगी सामग्री को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। प्रत्येक गुरूवार को आयोजित टीकाकरण दिवस पर उपस्थित ए.एन.एम. व वार्ड की आशाओं से टीकाकरण के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए गर्भवती माताओं एवं नवजात शिशु के शत प्रतिशत टीकाकरण के निर्देश दिए। साथ ही शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव करवाने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान उन्होने ममता कार्ड का निरीक्षण कर किये गये टीकाकरण एवं आगामी टीके की सूचना अंकित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधिकारी किशोर ने तेज गर्मी के कारण मरीजों एवं चिकित्सकों को होने वाली परेशानी के कारण ओपीडी कक्ष एवं चिकित्सक कक्ष में कुलर व्यवस्था के लिए अवगत करवाया गया। इस दौरान जनता क्लिनिक पर कार्यरत चिकित्सा अधिकारी, नर्सिंग ऑफिसर, फर्मासिस्ट, एएनएम एवं आशाएं उपस्थित रही।

### धूप से बचे, बरतें सावधानी : यादव

**बालोतरा**, (निसं)। जिले में बढती गर्मी के कारण बनी हिटवेव की स्थिति की समीक्षा हेतु गुरूवार को जिला कलक्टर सुशील कुमार यादव की अध्यक्षता में जला स्तरीय अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सभी अस्पतालों में लू-तापघात के रोगियों के लिए गाइडलाइन अनुसार बैड आरक्षित रखते हुए वहां कूलर व शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, संस्थान में रोगी के उपचार के लिए आपातकालीन किट में ओरआरएस, ड्रिपसेट, फ्लूड एवं आवश्यक दवाईयां रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने रीको क्षेत्र के सभी कारखानों में काम कर रहे श्रमिकों को तेज गर्मी से बचाने के लिए छायादार ठंडे स्थान, शीतल पेयजल, नींबू पानी, कूलर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होने लू के लक्षण प्रतीत होने पर तुरंत प्राथमिक उपचार करते हुए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाने के निर्देश दिए। जिला कलैक्टर ने श्रम विभाग को मजदूर कॉलोनी एवं कारखानों में हीटवेव से बचाव हेतु किये गये प्रयासों की जांच कर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होने मनरेगा श्रमिकों के कार्य स्थल पर ओआरएस, मेडिकन कीट समेत आवश्यक दवायें, पर्याप्त छाया, शीतल जल की व्यवस्था सुनिश्चित करनें के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलैक्टर नानूराम सैनी, अतिरिक्त मुख्य कार्याकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप देवत, नगर परिषद आयुक्त मघराज डुडी समेत जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### हीटवेव कम करने के उपाय करें : रीको

**बालोतरा**, (निसं)। रीको बालोतरा एवं बाड़मेर जिले में मौसम विभाग द्वारा जारी हिट वेव की चेतावनी को देखते हुए एडवाईजरी जारी कर सभी उद्यमियो से अपील की है कि वे अपने औद्योगिक परिसर में हीटवेव से होने किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की रोकथाम हेतु सुझायें गये उपायों को तत्काल प्रभाव से लागू करना सुनिश्चित करें। रीको इकाई प्रभारी साुशील कटियार ने बताया कि श्रमिको को हीटवेव से बचाने के लिए औद्योगिक परिसर में कार्यस्थल पर उचित छाया के साथ कार्यरत श्रमिकों एवं कार्मिकों के लिए कूलर की व्यवस्था करे। औद्योगिक इकाईयों में कार्य का समय हिटवैव को देखते हुए परिवर्तन करना सुनिश्चित करें। औद्योगिक परिसर में शीतल पेयजल एवं तरल पेय पदार्थ की उपलब्धता को सुनिश्चित करे। उन्होंने बताया कि औद्योगिक इकाई में कार्यरत श्रमिकों को दिन के समय बाहर नहीं निकलने को निर्देशित करें साथ ही बाहर निकलने के समय शरीर को ढककर एवं आखों पर धुप का चश्मा लगाना सुनिश्चित करें। औद्योगिक इकाई में कार्यरत श्रमिकों की नियमित जांच कर हिटस्टॉक एवं लू के लक्षण दिखने पर तुरन्त चिकित्सा सहायता उपलब्ध करावें। दोपहर के समय श्रमिकों से अत्यधिक परिश्रम के कार्य करवाने से बचे। धूप में जाते समय विशेषकर गहरे व चटक रंग के कपडो तंग व छोटे कपडों का प्रयोग करने से बचे। हिटवैव को देखते हुए कार्यरत श्रमिको ंको गर्म मसालेदार, तले हुए पदार्थ व शराब इत्यादि के सेवन नहीं करने की सलाह प्रदान करें।

### कच्ची बस्ती में फल व मिठाईयां बांटी

**बालोतरा**, (निसं)। द एसो सीएसन ऑफ वी क्लब इंडिया डिस्ट्रिक्ट तीन सो तेईस ई टू के वी क्लब बालोतरा जसोल की सचिव श्वेता सालेचा ने बताया हमारी उपाध्यक्ष शोभा कोठरी ने अपने स्वर्गीय सास नाथी देवी कोठरी ससुर डूंगरमल कोठरी की पुण्यतिथि के उपलक्ष में कच्ची बस्ती में फल व मिठाई बांटी। कार्यक्रम में चार्टर्ड ऋतु जिंदल, अध्यक्ष राखी सुख नानी, उपाध्यक्ष शोभा कोठारी, सचिव श्वेता सालेचा, कोषाध्यक्ष भावना गोगर , प्रोजेक्ट डायरेक्टर रेणु चौधरी, चेयरपर्सन खुशबु , अनीता, संतोष जिंदल, लता बोकडयिा, शिल्पा ढेलरिया, नीलम ढेलरिया, निकी, सरिता, हेतल आदि सदस्यों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### नरेगा कार्यों का समय परिवर्तित

**जालोर**, (कासं)। राज्य सरकार द्वारा गर्मी के मौसम को देखते हुए महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत कार्यों का समय परिवर्तित कर प्रातः 5.30 बजे से मध्यान्ह 12.30 बजे तक किया गया है। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक जवाहर चौधरी ने बताया कि जिले में गर्मी के मौसम को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत कार्यों का समय तुरन्त प्रभाव से प्रातः 5.30 बजे से मध्यान्ह 12.30 बजे तक (विश्राम काल रहित) निर्धारित किया गया है। यदि कोई श्रमिक समूह समय से पूर्व निर्धारित टास्क के अनुसार कार्य पूर्ण कर लेता है तो वह कार्य की माप मेट के पास उपलब्ध मस्टरोल में अंकित टास्क प्रपत्र में करवाने के उपरांत एवं समूह के मुखिया के हस्ताक्षर उपरांत कार्यस्थल छोड़ सकता है। यह व्यवस्था 15 जुलाई तक के लिए प्रभावी रहेगी।

### पक्षियों के लिए दाना पानी का अभियान

**रेवदर**, (निसं)। भीषण गर्मी को देखते हुए सारद संस्थान की युवा समूह टीम रेवदर क्षेत्र में पुराने बेकार सामान का उपयोग करके पंक्षियों के लिए घोंसले,दाना पात्र और परिंडे बना कर रोज उसमें दाना पानी डाल रही है। युवा ऐसे स्थान पर जाकर परिंडे लगा रहे है जहा कोई और नहीं जा रहे, लेकिन पक्षियों की आवाजाही होती है। संस्थान की टीम सुनसान इलाके, पेड़ और जंगलों में जाकर पुराने मटके, डिब्बे, कार्टून आदि लोगों से मांग कर उसे खुद बनाकर जगह जगह लगा रहे हैं। साथ ही आस पास के लोगों को अपने अपने घरों में पुराने सामान से यह बना कर लगाने के लिए प्रेरित कर रहे है।

# पुलिस ने 4 क्विंटल 91 किलो अवैध डोडा पोस्त पकड़ा

**बाड़मेर**, (निसं)। जिला पुलिस ने सनावडा से भोमासर की तरफ जा रहे ट्रक का पीछा कर सरहद भोमासर मे दस्तयाब कर वाहन मे चावल की भुसी के कट्टो के नीचे छुपाकर रखे भारी मात्रा मे 4 क्विंटल 91 किलोग्राम डोडा पोस्त जब्त कर मुलजिम लक्ष्मण पुत्र पेमाराम जाति मेघवाल निवासी खडीन पुलिस थाना रामसर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। अवैध डोडा पोस्त की कीमत करीबन 73 लाख रूपये आंकी गई है।

एसपी नरेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि महानिदेशक पुलिस, अपराध राजस्थान जयपुर द्वारा मादक पदार्थो के विरूद्व प्रभावी कार्यवाही करने के लिएचलाये जा रहे 15 दिवसीय विशेष अभियान के तहत नाजिम अली खान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक त्वरित सैल बाड़मेर, अभियान नोडल अधिकारी के निर्देशन मे जिला स्पेशल टीम व थानाधिकारीगण की मादक पदार्थों की धरपकड़ तथा वांछित अपराधियों की दस्तयाबी के लिए टीमो का गठन कर कार्यवाही करने के आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये गये। जिसके क्रम में जिला स्पेशल टीम द्वारा निगरानी प्रारम्भ की गई।

मादक पदार्थ तस्करी गैंग पर निगरानी के दौरान जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा गठित डीएसटी टीम को ईतला मिली कि सनावडा से भोमासर की तरफ एक ट्रक में अवैध डोडा पोस्त से भरा हुआ भगाकर ले जा रहा है। एएसपी नाजीम अली अभियान नोडल अधिकारी, डीएसटी टीम, व पुलिस थाना सदर, कोतवाली, रिको व ग्रामीण की टीमो द्वारा ट्रक का पीछा कर सरहद भोमासर मे ट्रक को दस्तयाब किया गया। तदुपरान्त वृताधिकारी वृत चौहटन व थानाधिकारी पुलिस थाना चौहटन मय जाब्ता मौका पर पहुंचे। ट्रक की तलाशी ली गई तो ट्रक मे चावलों की भुसी के कट्टों के नीचे छिपाकर रखे गये 24 कट्टों मे कुल 4 क्विंटल 91 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त भरा हुआ पाया गया।

ट्रक चालक आरोपी लक्ष्मण को मौके से दस्तयाब किया गया। इस सम्बन्ध में पुलिस थाना चौहटन मे एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर अवैध डोडा पोस्त की खरीद फरोख्त के बारे में अग्रीम अनुसंधान व पूछताछ की जा रही है।

एसपी नरेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि आरोपी लक्ष्मण से पूछताछ करने पर प्रथम दृष्टया अन्य तीन लोगो द्वारा ट्रक के आगे एस्कोर्ट करते हुए अवैध डोडा पोस्त झारखण्ड से भरकर लाना बताया है। पुलिस द्वारा अब तक दो ओर लोगों हनुमानाराम पुत्र धर्माराम जाति जाट निवासी रतासर पुलिस थाना चौहटन व धर्माराम पुत्र दीपाराम जाति जाट निवासी सनावडा को दस्तयाब किया जाकर पूछताछ की जा रही है।

## जालोर में दस ग्राम स्मैक सहित दो जने गिरपतार

**जालोर**, (कासं)। जालोर कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को नशे के विरूद्ध सख्त अभियान के तहत 10.50 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। अवैध मादक पदार्थ तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की है

अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने 22 मई को कस्बा जालोर में एक मोटरसाईकिल पर सवार दो युवक महेन्द्र कुमार (25) पुत्र लाला राम जाति मेघवाल निवासी मेघवालो का वास सरदारगढ़ खेड़ा जालोर व दिनेश वैष्णव (19) पुत्र नारायण लाल जाति वैष्णव निवासी गोडीजी वाडिया जालोर को दस्तयाब किया जाकर उनके कब्जे से एनडीपीएस एक्ट के प्रावधान के अनुसार अवैध मादक पदार्थ स्मैक 10.5 ग्राम बरामद की गई। मामले में दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

## 6 किलो 870 ग्राम अवैध मादक पदार्थ बरामद

**सांचौर**, (निसं)। मादक पदार्थों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही के लिए पुलिस मुख्यालय की ओर से चलाये जा रहे 15 दिवसीय विशेष अभियान के दौरान सांचोर पुलिस, जिला स्पेशल टीम एवं नारकोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो, जोधपुर की संयुक्त बडी कार्यवाही करते हुए विशेष अभियान के तहत जिला पुलिस सांचोर द्वारा सप्ताह भर के अन्दर 3 किलो 376 ग्राम एमडी, 3 किलो 735 ग्राम अफीम का दुध, 43 किलो 65 ग्राम डोडा पोस्त, 24 ग्राम स्मैक, 6 किलो 87० ग्राम कोडीन, 450 कार्टुन शराब मय डम्पर व कैम्पर करीबन कीमत 18 करोड की जब्ती की।

जिला पुलिस अधीक्षक सांचोर हरीशंकर के निर्देशानुसार एवं एएसपी सुरेश कुमार मेहरानियाँ व डिप्टी सांचोर जेठूसिंह करनोत के सुपरवीजन व नेमाराम उप निरीक्षक, जिला स्पेशल टीम के नेतृत्व में पुलिस मुख्यालय द्वारा अवैध मादक पदार्थों के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत क्षेत्र में नशे का कारोबार करने वाले तस्करो एव युवाओ में बढती नशे की प्रवृति की रोकथाम के तहत अशोक कानि ,जिला स्पेशल टीम के इनपुट से विशेष अभियान के तहत जिला स्पेशल टीम सांचोर, पुलिस थाना सांचोर व घनश्याम सोनी, क्षेत्रीय निदेशक, स्वापक नियंत्रण ब्युरो द्वारा गठित टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए सरहद कांटोल में मुलजिम सुरेश कुमार पुत्र हरीराम जाति विशनोई निवासी कांटोल के रहवासी घर पर दबिश दी जाकर अवैध मादक प्रदार्थ कोडिन 6 किलो 870 ग्राम व स्मैक 17.50 ग्राम एवं अवैध तस्करी में लिप्त वाहन किआ कार को जब्त किया। मुलजिम सुरेश कुमार के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। अभियुक्त सुरेश कुमार के विरूद्ध पूर्व में एनडीपीएस एक्ट के तहत दो आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है।

## 14 किलो गांजे सहित युवक गिरफ्तार

**जोधपुर**, (कासं)। चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पुलिस ने 14 किलो गांजे के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया है।

थानाधिकारी नितिन दवे ने बताया कि अशोक विहार निवासी गणपत पुत्र पप्पाराम विश्नोई को गिरफ्तार कर उससे 14 किलो गांजा बरामद किया गया है। आरोपी गांजा किससे लेकर आया इस बारे में पूछताछ की जा रही है।

# माध्यमिक शिक्षा विभाग का रिव्यू प्रार्थना पत्र खारिज

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण जयपुर पीठ जोधपुर ने माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से प्रस्तुत रिव्यू प्रार्थना पत्र को खारिज करते हुए अधिकरण द्वारा पूर्व में पारित निर्णय को वैध एवं विधि सम्मत होना निर्णित किया है।

जानकारी के अनुसार माध्यमिक शिक्षा विभाग बीकानेर में चतुर्थ श्रेणी के पद पर कार्यरत पूर्ण प्रकाश सोलंकी ने एक अपील वर्ष 2013 में अधिकरण के समक्ष इस बाबत् प्रस्तुत की थी कि शिक्षा विभाग द्वारा वर्ष 2013-2014 की रिक्तियों के विरूद्ध उससे कनिष्ठ कर्मचारियों को कनिष्ठ लिपिक के पद पर पदोन्नित प्रदान कर दी गई थी। पूर्ण प्रकाश का नाम विभाग द्वारा जारी वरिष्ठता सूची में अन्य कर्मचारियों से वरिष्ठ था लेकिन उसे पदोन्नित प्रदान नहीं की गई एवं उससे कनिष्ठ कार्मिकों को पदोन्नित का लाभ प्रदान कर दिया गया। इस याचिका पर अधिकरण द्वारा माध्यमिक शिक्षा विभाग को नोटिस जारी किए व विभाग द्वारा जबाब प्रस्तुत करने पर विभाग को पदोन्नित संबंधित सभी रिकॉर्ड पेश करने के कई अवसर दिए गए। इसके बाद भी विभाग द्वारा कोई दस्तावेज पेश नहीं किए गए। शिक्षा विभाग द्वारा किसी तरह का रिकॉर्ड पेश नहीं करने पर अधिकरण ने 28 जनवरी 2020 को प्रार्थी के पक्ष में फैसला करते हुए उससे कनिष्ठ कर्मचारियों को जब से पदोन्नित प्रदान की गई उसी दिन से प्रार्थी को भी पदोन्नत करने का आदेश पारित किया।

अधिकरण के आदेश के नौ माह पश्चात् विभाग द्वारा एक रिव्यू याचिका अधिकरण के समक्ष यह कहते हुए प्रस्तुत की गई थी कि विभाग द्वारा प्रार्थी से कनिष्ठ व्यक्तियों को जो पदोन्नित दी गयी है उसे वापस प्रतिहारित कर लिया गया है लेकिन उन प्रत्यहारित करने आदेशों को इस रिव्यू के साथ प्रस्तुत नहीं किया गया। इस रिव्यू याचिका के लम्बित रहते हुए ही वर्ष 2022 में ही प्रार्थी की मृत्यु हो गई व उसके विधिक उत्तराधिकारान को रिकॉर्ड पर लिया गया। पूर्ण प्रकाश के विधिक उत्तराधिकारी की ओर से अधिवक्ता प्रमेन्द्र बोहरा ने तर्क दिया कि प्रथमतयाः माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से प्रस्तुत रिव्यू म्याद बार है। रिव्यू प्रार्थना पत्र 270 दिन की देरी से प्रस्तुत किया गया है जबकि रिव्यू प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने की अवधि मात्र तीस दिन है। जो नियम 6(5) में स्पष्ट रूप से उल्लेखित है। दूसरा तर्क यहं भी था कि विभाग को अपील निर्णित करते समय अधिकरण द्वारा पुनः अवसर देने के बाद भी विभाग द्वारा कोई दस्तावेज अधिकरण के समक्ष प्रस्तुत नहीं किए गए और ना ही रिव्यू प्रार्थना पत्र के संबंधित कोई नए दस्तावेज प्रस्तुत किए। रिव्यू प्रार्थना पत्र केवल अवमानना याचिका में अधिकरण के पूर्व के पारित आदेश को नजरअंदाज करने के लिए प्रस्तुत किया गया है। अधिकरण ने माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा प्रस्तुत रिव्यू प्रार्थना पत्र को इस आधार पर ही खारिज किया कि रिव्यू में प्रथम दृष्टतया कोई हस्तक्षेप करने का आधार नहीं है एवं प्रस्तुत रिव्यू प्रार्थना पत्र म्याद बाहर है।

# गौ सेवा की, पक्षियों के लिये लगाये परिंडे




जालोर में भारत विकास परिषद् ने बुद्ध पूर्णिमा पर गौ सेवा का आयोजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। भारत विकास परिषद् जालोर की ओर से गुरूवार को वैशाख बुध पूर्णिमा के दिन निकटवर्ती कलापुरा ग्राम सरहद में स्थित वेदलक्षणा पथमेड़ा गौनंदीशाला में परिषद् के प्रान्तीय उपाध्यक्ष (सेवा) पदमाराम चौधरी, शाखाध्यक्ष राजेन्द्र भूतड़ा व गौशाला संचालन समिति के नंदकिशोर मंत्री की उपस्थिति में गौ सेवा का आयोजन किया गया।

गौशाला के संरक्षक गोपाल दास महाराज की भी कार्यक्रम में सानिध्यता रही। सचिव संतोषकुमार दवे ने बताया कि परिषद् के सेवा प्रकल्प के तहत परिषद् की ओर से मूक प्राणियों की सेवा के लिये इन दिनों निरन्तर सेवा कार्य आयोजित किये जा रहे है। इसी क्रम में वैशाख पूर्णिमा के पावन पर्व पर गौशाला में सर्वप्रथम परिषद् की महिला सदस्यों द्वारा कुमकुम का तिलक लगाकर माला व धूपदीप अर्पित कर गौ माता की पूजा की गयी।

कार्यक्रम में उपस्थित परिषद् के सदस्यो के आर्थिक सौजन्य से गौसेवा के रूप में 30 क्विंटल हरा चारा गौशाला में रह रहे करीब 1000 गौवंश के लिये भेंट किया गया एवं भीषण गर्मी में गौवंश के लिये पीने के पानी हेतु आगामी दिनों में 51 टेंकर पानी सप्लाई करने के लिए धनराशि गौशाला संचालन समिति को भेंट की गयी। इस अवसर पर पक्षियों के लिये पीने के पानी हेतु गौशाला परिसर में खड़े खेजड़ी के वृक्षों पर मिट्टी के 11 परिन्डे भी लगाये गये।

इनकी नियमित साफ-सफाई व पानी भरने की जिम्मेदारी भी वहां रह रहे गोपालकों ने स्वयं अपने ऊपर ले ली। प्रान्तीय उपाध्यक्ष पदमाराम चौधरी ने बताया कि गाय हमारे संस्कृति की पहचान है। वर्तमान में गोवंश के संरक्षण व संवर्धन की महत्ती आवश्यकता है। शाखाध्यक्ष राजेन्द्र भूतड़ा ने बताया कि गाय हमारी अर्थ व्यवस्था की रीढ है। गौ सेवा सचमुच पुण्य का कर्म है।

इस अवसर पर सचिव संतोष कुमार दवे, शाखा उपाध्यक्ष प्रेमकुमार परमार व महेन्द्र आनंद वैष्णव, कोषाध्यक्ष शंकर लाल सोलंकी, वेलाराम सुन्देशा, गोपाल स्वामी, गौशाला में सेवारत पशु चिकित्सक डॉ.पवनकुमार, रमेशकुमार, पिन्की देवी, शांता देवी, मथरादेवी, भूरीदेवी सहित कई जने उपस्थित थे।

## भंवरलाल गुगरिया का स्वागत

**पाली**, (नि.सं.)। जांगिड़ समाज के भामाशाह और समाजसेवी दूदौड़ निवासी भंवरलाल गुगरिया का श्री गोपाल गौशाला दूदौड़ के अध्यक्ष बनने पर श्री विश्वकर्मा शिक्षा समिति, जांगिड़ समाज सेवा समिति पाली के समाज बंधुओं ने दो बसों में दूदौड़ पहुंच कर अभिनंदन पत्र देकर बहुमान किया।

शिक्षा समिति अध्यक्ष भंवरलाल आसदेव द्वारा श्री गोपाल गौशाला में गायों के लिए1100 किलो गुड़, डेढ़ सौ किलो नारियल, 11 टन चारा भेंट किया गया। जांगिड़ समाज के बंसीलाल उमरणीया, डायाराम, ढगलाराम ओस्तवाल, मूलचंद दायमा, रामचंद्र पिड़वा, अशोक एजीएस, प्रेमसुख खोड़, मिश्रीलाल जाडण, ओम प्रकाश कुलेरिया, चंद्र प्रकाश,घनश्याम, अशोक, राजेंद्र के साथ पाली जिले की समितियों ने भी स्वागत किया।

# तेज गर्मी में बालकों के खान पान का रखें विशेष ध्यान : अहसान अहमद

**जालोर**, (कासं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अहसान अहमद ने गुरूवार को राजकीय किशोर एवं संप्रेषण गृह का निरीक्षण किया।

उन्होंने विधि से संघर्षरत बालकों से वार्तालाप कर गृह में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। बालकों के मामलों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की और उनकी जमानत, अपील आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त कर जिनकी अपील या जमानत नहीं की गई है। उनकी जमानत व अपील करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने रसोई घर का भी निरीक्षण किया और बनाए गए भोजन की गुणवत्ता देखी और उपस्थित अधिकारी पुष्पेंद्रसिंह को शिशुगृह, सम्प्रेषण एवं सुरक्षित गृह में रहने वाले बालकों को नियमानुसार सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मौसम को देखते हुए शिशु की समय समय पर स्वास्थ्य जांच करवाई जावें। बालकों को दिये जाने वाले भोजन उचित गुणवत्ता वाला दिया जावें। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को कहा कि नियमानुसार उपलब्ध करवाई जाने वाली सुविधाओं में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरते। उन्होंने बालकों की समय समय पर काउंसलिंग करवाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इन दिनों तेज गर्मी पड़ रही है। जिससे बालकों के लिए पर्याप्त संख्या में कूलर पंखे आदि की व्यवस्था की जावे।

इसी प्रकार उन्होंने जिला कारागृह का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने उपस्थित कारापाल को निर्देश दिए कि बंदियों के दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता बनाए रखे, उन्होंने कहा कि गर्मी के दिनों में बैरकों में पर्याप्त संख्या में पंखों की व्यवस्था की जावे।

# बिजली कटौती की समस्या बताई

**बालोतरा**, (निसं)। बालोतरा-विधानसभा क्षेत्र पचपदरा में बढ्ती बिजली आपूर्ति व कटौती से आमजन को निजात दिलाने को लेकर विधायक अरुण चौधरी ने ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। पूर्व मंत्री अमराराम चौधरी व विधायक अरुण चौधरी ने अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा विभाग से मुलाकात कर क्षेत्र में बिजली की अनुपलब्धता एवं लोड से होने वाली कटौती की समस्या से अवगत कराया।

विधायक अरुण चौधरी ने मंत्री हीरालाल नागर को बढ्ते विधुत भार व पचपदरा व बालोतरा में उपभोक्ताओं की बढ्ती संख्या एवं रिफाइनरी के आस पास व औधोगिक क्षेत्र में आमजन को समय पर सुविधा को लेकर नवीन सहायक अभियंता कार्यालय खोलने को लेकर बात कही। उन्होंने पंचायत समिति बालोतरा के बागुंडी व जसोल फांटा उप चौकियों पर अतिरिक्त ट्रांसफार्मर स्वीकृति व बोरावास, जागसा, पचपदरा व कल्याणपुर में 132 केवी जीएसएस के नए सब स्टेशन स्वीकृति का आग्रह किया। चौधरी ने पचपदरा रोड बाईपास, चतुर्थ फाटक, थोब, गोदावास, मूलजी की ढाणी, टापरा व सिवाना फांटा पर 33 / 11 केवी के नवीन सब स्टेशन की स्वीकृति देने के साथ आमजन को तत्काल रूप से राहत के क्रम संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिलाए। विधायक ने पचपदरा विधानसभा क्षेत्र में नए 132 केवी जीएसएस एवं 33 केवी जीएसएस, फीडर सुधार से संबंधित कार्यों का मांग पत्र सौंपा।

# विश्व मोहन शर्मा ने स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया

**जालोर**, (का.सं.)। मिड-डे-मील राजस्थान जयपुर के आयुक्त व जिले के प्रभारी सचिव विश्व मोहन शर्मा ने गुरूवार सायंकाल मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केन्द्र जालोर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने आम जन से फीडबैक लेते हुए व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।



मातृ शिशु एवं स्वास्थ्य केंद्र जालोर का निरीक्षण प्रभारी सचिव विश्व मोहन शर्मा ने किया। फोटो-राष्ट्रदूत

निरीक्षण के दौरान प्रभारी सचिव ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केन्द्र में जननी व शिशु वार्ड, सर्जिकल वार्ड, निःशुल्क दवा जांच केंद्र सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिये जाने के साथ ही रंग रोगन किये जाने की बात कही। उन्होंने कार्मिकों की उपस्थिति पंजिका अवलोकन कर अनुपस्थित कार्मिकों के बारे में जानकारी लेते हुए उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## जननी व शिशु वार्डों का निरीक्षण किया

प्रभारी सचिव ने जननी व शिशु वार्डों का निरीक्षण कर भर्ती मरीजों से वार्ता कर उनकी कुशलक्षेम पूछी तथा अस्पताल में मिल रही सुविधाओं व उपचार के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने प्रभारी कार्मिकों को निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों के उपचार व सुविधाओं में किसी भी प्रकार की कमी न रखें। उन्होंने एमसीएच में बंद मिले शौचालय को खुलवाते हुए नियमित रूप इसके उपयोग के संबंध में कार्मिकों को निर्देश दिए।

उन्होंने एमसीएच सेन्टर के प्रथम तल पर निरीक्षण के दौरान उखड़ी हुई टाईल्स पर नाराजगी व्यक्त करे हुए शीघ्र मरम्मत कार्य करवाये जाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने एमसीएच सेंन्टर की क्षितठास्त दीवार को शीघ्र ही ठीक करवाकर चैनल गेट लगवाये जाने की बात कही।

निरीक्षण के दौरान दवाई स्टॉक खुले में मिलने पर प्रभारी सचिव ने समुचित तरीके से दवाई स्टॉक को स्टोर रखवाये जाने की बात कही।

उन्होंने अस्पताल में उपचार व सुविधाओं के बारे में चिकित्साधिकारियों से जानकारी लेते हुए मरीजों को सुविधा पूर्ण उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर पूजा पार्थ, अतिरिक्त जिला कलक्टर शिवचरण मीना, जालोर उपखण्ड अधिकारी प्रमोद सीरवी, सीएमएचओ डॉ. रमाशंकर भारती, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सक एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

विश्व मोहन शर्मा ने नगर परिषद के निर्माणाधीन महात्मा गांधी टाउन हॉल, पुनर्वास केन्द्र रणछोड़ नगर व नर्सिंग कॉलेज लेटा का निरीक्षण कर कार्यों का जायजा लिया।

## कार्यों की धीमी गति के कारण जाने

उन्होंने टाउन हॉल में निर्माणाधीन कार्यों का अवलोकन कर कार्यों की धीमी गति के कारणों के बारे में जानकारी लेते हुए अधिकारियों को स्वीकृत नक्शे के अनुरूप पूर्ण गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए तय समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के साथ ही थर्ड पार्टी वेरिफिकेशन के निर्देश दिए। प्रभारी सचिव ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधीन वृद्धजनों के लिए रणछोड़ नगर में बनाये जा रहे पुनर्वास के कार्यों का जायजा लेते हुए पूर्ण गुणवत्ता के साथ तय समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इसके उपरांत उन्होंने लेटा में चल रहे नर्सिंग महाविद्यालय के कार्यों की धीमी गति के संबंध में जानकारी लेते हुए शीघ्र ही निर्माण कार्य को पूर्ण कर संबंधित विभाग को सुपुर्द करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिला कलैक्टर पूजा पार्थ, अतिरिक्त जिला कलक्टर शिवचरण मीना, जालोर उपखण्ड अधिकारी प्रमोद सीरवी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक राजीव कुमार सुथार, नगर परिषद आयुक्त दिलीप माथुर, सीएमएचओ डॉ. रमाशंकर भारती सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

मिड-डे-मील राजस्थान के आयुक्त व जिले के प्रभारी सचिव विश्व मोहन शर्मा 24 मई, शुक्रवार को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक लेंगे। अतिरिक्त जिला कलैक्टर शिवचरण मीना ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने विभाग से संबंधित सम्पूर्ण सूचना एवं पूर्ण जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

## 'आई.आई.एफ.एल. बनी देश की सबसे बड़ी अफोर्डेबल हाऊसिंग कंपनी'

**जयपुर**। आई.आई.एफ.एल. होम फाइनेंस लिमिटेड का एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) वित्त वर्ष 2023 में 28 हजार 512 करोड़ रुपये था, जो वित्तीय वर्ष 2024 में बढ़ कर 35 हजार 499 करोड़ रुपये हो गया है। ये सालाना आधार पर 25 प्रतिशत की ग्रोथ है।

इससे ये 14.26 लाख रुपये के औसत टिकट आकार के साथ भारत की सबसे बड़ी अफोर्डेबल हाउसिंग कंपनी बन गई है। आईआईएफएल होम फाइनेंस के ईडी और सीईओ मोनू रात्रा व जोनल सेल्स हेड - नॉर्थ, प्रवीण खुल्लर ने बताया कि 6 मई 2024 की एक्सचेंज रिपोर्टिंग के अनुसार, अबू धाबी इन्वेस्टमेंट्स अथॉरिटी (एडीआईए) की 20 प्रतिशत से अधिक शेयर होल्डिंग वाली कंपनी के ऑपरेशन से रेवेन्यू वित्त वर्ष 23 में 2712 करोड़ रुपये था, जो वित्त वर्ष 2024 में बढ़ कर 3317 करोड़ रुपये हो गया। ये सालाना आधार पर 23 प्रतिशत की ग्रोथ है। प्रॉफिट आफ्टर टैक्स में सालाना आधार पर 32 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिली है। वित्त वर्ष 2023 में टैक्स भुगतान के बाद लाभ 768 करोड़ रुपये था, जो वित्तीय वर्ष 2024 में बढ़ कर 1017 करोड़ रुपये हो गया।